दिन– गुरूवार दिनांक– 19 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. गंगा और सोन नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के चलते पटना, बक्सर, भोजपुर और रोहतास समेत आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। राज्य सरकार ने जारी किया हाई–अलर्ट।

02. नवादा जिले के देदौर गांव में अपराधियों ने महादलित परिवारों के इक्कीस घरों में आग लगाई। मामले में दस आरोपी गिरफ्तार।

03. विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत चौदह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

04. और, राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों की साल में दो बार रैंकिंग कराने के निर्देश जारी किए।

———————————————————————————

गंगा और सोन नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते पटना, बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय और रोहतास समेत आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। राज्य सरकार ने नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए हाई–अलर्ट जारी किया है। जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की सुरक्षा बढ़ा दी है। इधर, बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रभावित जिलों के तीन सौ पचास विद्यालय तत्काल प्रभाव से बंद कर दिये गये हैं। पटना के छिहत्तर, भोजपुर के एक सौ उनचास और बेगूसराय के एक सौ पच्चीस विद्यालयों को बंद किया गया है। इधर, पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी में उफान को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग को मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

———रिपोर्ट———

केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में लगातार खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। साथ ही जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुयी है। दियारा क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरह घिर चुके हैं। मोकामा के दियारा क्षेत्र कसहा दियारा के कई गांवों में भी गंगा नदी का पानी फैल गया है। इधर, पंडारक से होकर गुजरने वाली सकरी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से बरूआने जमींदारी बांध में कटाव शुरू हो गया है। इससे आस–पास के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। इस बीच, जिला प्रशासन ने आपातकालीन संचालन केंद्र में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। लोग टेलीफोन नम्बर– शून्य–छह–एक–दो–दो–दो–एक–शून्य–एक–एक–आठ पर किसी प्रकार की सूचना दे सकते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

हाजीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि राघोपुर प्रखंड की तेरह पंचायतें बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। ग्यारह पंचायतों का सड़क संपर्क भंग हो गया है। इधर, बक्सर में गंगा नदी खतरे के निशान से मात्र दो सेंटीमीटर नीचे रह गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं।

———रिपोर्ट———

बक्सर जिले के नए इलाकों में बाढ़ का पानी लगातार फैल रहा है। दियारा के गुरूदेव नगर, भिजूकडेरा, तिलकराय हाता और बेनीवाल के डेरा सहित दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। रामदासराय डेरा स्थित थाना परिसर में पानी घुस जाने के बाद पुलिस कर्मियों ने गंगौली बांध के पास शरण ली है। इधर, सिमरी, चक्की और ब्रहमपुर प्रखंड में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। जल संसाधन विभाग की ओर से लगातार बाढ़ निरोधात्मक कार्य चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

भोजपुर जिले में भी बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। बड़हरा और शाहपुर प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। समस्तीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग डेढ़ मीटर ऊपर चला गया है।

———रिपोर्ट———

गंगा के जलस्तर मे एक बार फिर वृद्धि के कारण समस्तीपुर जिले के मोहनपुर, मोहिउद्दीननगर और विद्यापतिनगर प्रखंडों के दर्जनों गांवों मे बाढ़ का पानी घुस गया है। दियारा इलाके में सड़कों पर बाढ का पानी आ जाने से आवागमन बाधित हुआ है। इन क्षेत्रों के कई विद्यालय भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। प्रशासन द्वारा विद्यालयों को बंद नहीं करने कारण शिक्षकों और छात्रों को खतरों का सामना करना पड़ रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के सात प्रखंडों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दियारा क्षेत्रों में लगभग दो लाख की आबादी प्रभावित हुयी है। सारण में गंगा और घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

सारण जिले के मांझी में चार स्थानों पर रिंग बांध टूटने से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। जिला मुख्यालय, छपरा के निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगा है। इनई—रौजा मार्ग पर बाढ़ का पानी चढ जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। मकेर, रिवीलगंज और पानापुर बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। इधर, जल संसाधन विभाग की ओर से टूटे बांधों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

इधर, सोन नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मनेर में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से इक्यानवे सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। वहीं, रोहतास के इंद्रपुरी में भी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

---रिपोर्ट---

रोहतास के इंद्रपुरी बराज से कल पांच लाख बाईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी सोन नदी में छोड़ा गया। जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग सेल के अनुसार सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश होने के चलते जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय और उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से भी नदी में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन ने किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट पर रखा है। साथ ही तटवर्ती इलाकों में लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सासाराम से चंदन कुमार।

अरवल जिले में भी सोन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने तटवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों से ऊंचे स्थानों पर शरण लेने की अपील की है। औरंगाबाद जिले के बारूण, ओबरा और दाउदनगर प्रखंड के तटवर्ती इलाकों में सोन नदी का पानी फैलने लगा है। इधर, नालंदा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है।

---रिपोर्ट---

झारखंड के तिलैया डैम से पानी छोड़े जाने के बाद जिले के करायपरशुराय और बिंद प्रखंड से गुजरने वाली सभी छोटी और बड़ी नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि हुयी है। नदियों का पानी खेतों में फैला गया है, जिससे धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इधर, लोकाईन नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते हिलसा प्रखंड में लोगों को ऊंचे स्थानों पर शरण लेने का परामर्श जारी किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक किचेन का संचालन किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

इधर, केन्द्रीय आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनपुन, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी नदी का जलस्तर भी कई स्थानों पर लाल निशान से ऊपर चला गया है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो–तीन दिनों तक राज्य में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर बनी रहेंगी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान आर्द्र हवा के कारण बक्सर, कैमूर, रोहतास और पटना जिले में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। वहीं, कुछ स्थानों पर बूंदांबांदी की भी संभावना है।

---

नवादा जिले के देदौर गांव में अपराधियों ने महादलित परिवारों के इक्कीस घरों में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह भूमि विवाद का मामला प्रतीत

होता है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि मामले में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---बाईट---

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस की टीम लगातार कैंप कर रही है। श्री धीमान ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं, अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---बाईट---

---

विशेष निगरानी इकाई, एसवीयू ने आय से अधिक संपत्ति मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत चौदह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्राथमिकी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें से तेरह को नामजद और एक कंपनी को अभियुक्त बनाया गया है।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने आज सुबह कैमूर जिले के भभुआ स्थित रूचिका प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छापेमारी किस मामले में की गयी है, इस संबंध में अबतक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी एनआईए की टीम शहर के लकी प्रिंटिंग प्रेस और अग्रवाल प्रिंटिंग प्रेस तथा जिले के उग्रवाद प्रभावित अधौरा थाना क्षेत्र के कई गांवों में छापेमारी की कार्रवाई कर चुकी है।

---

प्रवर्तन निदेशालय की टीम पटना की एक निर्माण कंपनी के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनु आनंद कंस्ट्रक्शन कंपनी के पटना स्थित चार, बैंगलूरू में दो और नोएडा में एक ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। कंपनी के निदेशकों के बैंक खातों को सील कर दिया गया है। अबतक की

जांच में लगभग नौ करोड़ रूपये की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

—————————————————————————————

राज्य सरकार ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी सरकारी विद्यालयों की साल में दो बार रैंकिंग कराने का फैसला किया है। यह रैंकिंग नवम्बर और मार्च महीने में होगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश निर्गत किया है। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों– शिक्षण और अधिगम, संसाधन उपयोग, साफ–सफाई और शिकायत निवारण जैसे बिंदुओं पर रैकिंग की जाएगी।

—————————————————————————————

राज्य सरकार ने दरभंगा एम्स को सैंतीस एकड़ से अधिक जमीन उपलब्ध करा दी है। इससे पहले सरकार ने एक सौ पचास एकड़ से अधिक जमीन एम्स को हस्तांतरित की थी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह जमीन निःशुल्क दी गयी है।

—————————————————————————————

डेस्क

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव की कैबिनेट से मंजूरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – एक देश, एक चुनाव को स्वीकृति। संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा विधेयक, संविधान में होगा संशोधन।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है – पटना के मीठापुर में खुलेगा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण–एपीडा दफ्तर। निर्यात होगा आसान।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – जेंडर बदलने के लिए नौ लोगों ने राज्य सरकार से मांगे पैसे, सरकार ने किया इंकार।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – बत्तीस हजार नियोजित शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी होने की आशंका, होगी जांच।

**आज** अखबार ने बाढ़ की खबर को तरजीह देते हुए लिखा है – बाढ़ से बिहार के आठ जिलों में हाहाकार। पटना में सड़क पर बह रहा है गंगा का पानी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. गंगा और सोन नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के चलते पटना, बक्सर, भोजपुर और रोहतास समेत आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। राज्य सरकार ने जारी किया हाई–अलर्ट।

02. नवादा जिले के देदौर गांव में अपराधियों ने महादलित परिवारों के इक्कीस घरों में आग लगाई। मामले में दस आरोपी गिरफ्तार।

03. विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत चौदह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

04. और, राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों की साल में दो बार रैंकिंग कराने के निर्देश जारी किए।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।